**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–04.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. केंद्र सरकार ने कृषि और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास और कृषि उन्नति योजना को दी मंजूरी।
2. प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट का हुआ शुभारंभ, चालू वित्तीय वर्ष में सवा लाख युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध करायेगी केंद्र सरकार।
3. झारखंड उच्च न्यायालय ने धनबाद में कोयला चोरी में पुलिस की मिलीभगत मामले की सीबीआई जांच का दिया आदेश, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा हेमंत सरकार के संरक्षण में हो रही कोयले की चोरी।
4. भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा– एनडीए सत्ता में आई तो आदिवासियों की छीनी हुई जमीन वापस दिलाएंगे।
5. रांची में चल रही राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, मध्यप्रदेश और तमिलनाडु ने जीते अपने–अपने मैच।

********************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कुल प्रस्तावित व्यय के साथ पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को स्वीकृति दी। मंत्रिमंडल ने खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कृशि उन्नति योजना को भी मंजूरी दी। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद इसकी जानकारी दी।

केंद्र सरकार ने 10 हजार 103 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वर्ष 2024–25 से 2030–31 तक के लिए राष्ट्रीय खाद्य तेल–तिलहन मिशन को भी स्वीकृति दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि यह निर्णय अगले सात वर्षों में भारत को तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लिया गया है।

********************

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य पांच वर्षों में देश की शीर्ष पांच सौ कंपनियों में एक करोड युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। सरकार ने इसके लिए आठ सौ करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024–25 में सवा लाख इंटर्नशिप देने का है। योजना को पीएम इंटर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट आई एन पोर्टल के माध्यम से लागू किया जाएगा। उम्मीदवार इस महीने की 12 से 25 तारीख तक आवेदन कर सकते हैं। इसकी अवधि बारह महीने की होगी।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने धनबाद में कोयला चोरी और पुलिस की मिली–भगत की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। न्यायालय ने मामले में प्रतिवादी बनाए गए सभी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी जांच करने का निर्देश दिया है।

********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के संरक्षण में कोयले की चोरी हो रही है।

श्रीमरांडी ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के सीबीआई जांच के आदेश के बाद अब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। श्रीमरांडी ने कोयला चोरी में शामिल अफसरों को निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की भी मांग की।

********************

केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी आज से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। श्रीरेड्डी आज रांची के सीएमपीडीआई में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और कई योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि एनडीए सत्ता में आई तो आदिवासियों की छीनी हुई जमीन वापस दिलाई जायेगी। श्रीसोरेन पाकुड़ बाजार समिति प्रांगण में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

*******************

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा–जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो ने डुमरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। श्रीमहतो ने छह विधासभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी है।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल में कर्ज में डूबे एक परिवार के तीन सदस्यों ने जहर खा लिया जिसमें दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि पुरुष सदस्य का इलाज चल रहा है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज राजधानी रांची के कांटाटोली फ्लाइओवर का उद्‌घाटन करेंगे। इस दौरान श्रीसोरेन कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन भी करेंगे।

*******************

केंद्र सरकार ने अगले साल गणतंत्र दिवस परेड में सरपंचों को विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित करने के लिए विशेष प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसे लेकर गुमला जिले में तैयारी की जा रही है।

*******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है जबकि कल मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। वहीं कल से दो दिनों तक राज्यभर में वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

शारदीय नवरात्र को लेकर राजधानी रांची समेत राज्यभर में उत्साह का माहौल है। मंदिरों, पूजा पंडालों और घरों में आज देवी के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की आऱाधना की जा रही है।

*******************

रांची में चल रही राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में आंध्रप्रदेश ने जम्मू कश्मीर को 5–0 से, महाराष्ट्र ने अरुणाचल को 9–0 से, चंडीगढ़ ने दादर नगर को 7–0 से, मध्यप्रदेश ने उत्तराखंड को 10–0 से और तमिलनाडु ने राजस्थान को 6–4 से हराया।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित ज्यादात अखबारों ने कोयला चोरी मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के सीबीआई जांच के आदेश की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया ळें

प्रभात खबर के शब्द हैं– सीबीआई जांचेगी कोयले के धंधे में पुलिस अफसरों की भूमिका।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– कोयला चोरी में पुलिस अफसरों की भूमिका की सीबीआई करेगी जांच।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी कोयला चोरी मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के सीबीआई जांच के आदेश की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण और हिंदुस्तान ने रांची में ट्रांसपोर्टनगर के उद्घाटन की खबर को प्रमुखता दी है।

रांची एक्सप्रेस ने जेएलकेएम प्रमुख जयराम महतो के डुमरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने झारखंड पुलिस द्वारा अंतरराज्यीय एटीएम चोर गिरोह के खुलासे की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**************